Form No. III

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तिजारा जिला खैरथल–तिजारा (राज)

फर्दअहकाम

(नियम 26)

ब0उ0 – रणसिंह **बनाम** सरकार

तारीख हुक्म	हुक्म का कार्यवाही मय इनीशियल्स जज प्रार्थना पत्र संख्या :– 25/2024	नम्बर अहकाम की तारीख हुए
16-05-2025	आज पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित। उपस्थित अधिवक्ता की प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। बहस मनन किया गया एंव पत्रावली का अलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र के संबंध में सक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है प्रार्थी रणसिंह...वगै0 ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू0 राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि प्रार्थी आराजी खसरा नंबर 1406/312 रकबा 0.21है0, 1411/313 रकबा 0.33है0, 1412/314 रकबा 0.22है0 वाके ग्राम मालियर जट्ट तहसील तिजारा जिला खैरथल–तिजारा की मुताबिक पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 16.05.2024 द्वारा पत्थरगढी हेतु निवेदन किया है। अतः तहसीलदार, तिजारा की प्राप्त रिपोर्ट पत्रांक भू0अ0/2025/1529 दिनांक 09.04.2025 का अवलोकन किया जिसमें तहसीलदार, तिजारा ने अवगत कराया है कि रिपोर्ट पटवारी हल्का खलीलपुरी अनुसार मुताबिक हाल जमाबन्दी ग्राम मालियरजट्ट के ख0न0 1406/312 रकबा 0.21है0 किस्म बारानी सोयम दलीपसिंह पुत्र नहारसिंह पूर्ण हिस्सा व ख0न0 1411/313 रकबा 0.33है0 किस्म बारानी सोयम रणसिंह पुत्र नाहरसिंह पूर्ण हिस्सा तथा ख0न0 1412/314 रकबा 0.22है0 किस्म बारानी सोयम तोताराम पुत्र नहारसिंह पूर्ण हिस्सा दर्ज रिकॉर्ड है तथा उक्त आराजी कृषि कार्य में उपयोग आ रही है तथा कोई निर्माण नहीं है। प्रार्थीयान द्वार उक्त आराजी पर कृषि कार्य किया जा रहा है। तहसीलदार, तिजारा की रिपोर्ट दिनांक 09.04.2025 अनुसार प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 ''स्वीकार''' योग्य है। **अतः आदेश है कि :–** प्रार्थीयान द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 ''स्वीकार''' किया जाकर, पैमाईश रिपोर्ट दिनांक 16.05.2024 अनुसार आराजी खसरा नंबर 1406/312 रकबा 0.21है0, 1411/313 रकबा 0.33है0, 1412/314 रकबा 0.22है0 वाके ग्राम मालियर जट्ट तहसील तिजारा जिला खैरथल–तिजारा की पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार, तिजारा को अहकाम जारी हो। पत्रावली फैशल शुमार होकर, दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। 16/05/25 (संजीव कुमार वर्मा) उपखण्ड अधिकारी, तिजारा (खैरथल–तिजारा)	